# पाठ 1. बातचीत

❖ 'बातचीत' किस विद्या की रचना है ?
Ⓐ आलोचना Ⓑ गीत Ⓒ शोध Ⓓ निबंध उत्तर— Ⓓ

❖ 'बातचीत' साहित्य की कौन सी विद्या है ?
Ⓐ एकांकी Ⓑ कहानी
Ⓒ यात्रा-संस्मरण Ⓓ ललित-निबंध उत्तर— Ⓓ

❖ 'बातचीत' शीर्षक निबंध के निबंधकार हैं—
Ⓐ जयप्रकाश नारायण Ⓑ मोहन राकेश
Ⓒ नामवर सिंह Ⓓ बालकृष्ण भट्ट उत्तर— Ⓓ

❖ बालकृष्ण की रचना है—
Ⓐ उसने कहा था Ⓑ बातचीत
Ⓒ रोज Ⓓ ओ सदानीरा उत्तर— Ⓑ

❖ बालकृष्ण भट्ट की रचना बातचीत क्या है ?
Ⓐ एकांकी Ⓑ कहानी
Ⓒ यात्रा संस्मरण Ⓓ ललित निबंध उत्तर— Ⓓ

❖ बालकृष्ण भट्ट का जन्म कब हुआ था ?
Ⓐ 23 जून, 1844 Ⓑ 23 जुलाई, 1914
Ⓒ 25 जून, 1945 Ⓓ इनमें से कोई नहीं उत्तर— Ⓐ

❖ बालकृष्ण भट्ट की मृत्यु कब हुई थी ?
Ⓐ 20 जुलाई, 1844 Ⓑ 20 जुलाई, 1944
Ⓒ 20 जुलाई, 1914 Ⓓ इनमें से कोई नहीं उत्तर— Ⓒ

❖ बालकृष्ण भट्ट का निवास-स्थान कौन-सा है ?
Ⓐ लखनऊ, उत्तरप्रदेश Ⓑ इलाहाबाद, उत्तरप्रदेश
Ⓒ मथुरा, उत्तरप्रदेश Ⓓ वाराणसी, उत्तरप्रदेश उत्तर— Ⓑ

❖ बालकृष्ण भट्ट के माता-पिता का नाम क्या था ?
Ⓐ पार्वती देवी, ब्रह्मचार्य Ⓑ पार्वती देवी, बेनी प्रसाद भट्ट
Ⓒ लक्ष्मी देवी, बेनी प्रसाद भट्ट
Ⓓ इनमें से कोई नहीं उत्तर— Ⓑ

❖ बालकृष्ण भट्ट के पिता का नाम क्या था ?
Ⓐ देनी प्रसाद भट्ट Ⓑ बेनी प्रसाद भट्ट
Ⓒ टेनी प्रसाद भट्ट Ⓓ सैनी प्रसाद भट्ट उत्तर— Ⓑ

❖ बालकृष्ण भट्ट के पिता क्या थे ?
Ⓐ व्यापारी Ⓑ सु-संस्कृत Ⓒ राजा Ⓓ शिक्षक उत्तर— Ⓐ

❖ बालकृष्ण भट्ट के मन में अध्ययन की रुचि और लालसा किसने जगाई ?
Ⓐ माता सीता देवी Ⓑ माता उर्मिला देवी
Ⓒ माता अहिल्या देवी Ⓓ माता पार्वती देवी उत्तर— Ⓓ

❖ बालकृष्ण भट्ट प्रारंभ में कौन-सी शिक्षा का अध्ययन किए—
Ⓐ हिंदी Ⓑ संस्कृत Ⓒ व्याकरण Ⓓ इतिहास उत्तर— Ⓑ

❖ बालकृष्ण भट्ट प्रयाग के मिशन स्कूल से एंट्रेस की परीक्षा कब दिए—
Ⓐ 1878 में Ⓑ 1872 में Ⓒ 1884 में Ⓓ 1867 में उत्तर— Ⓑ

❖ प्रयाग के मिशन स्कूल में बालकृष्ण भट्ट कब से कब तक अध्यापन किए ?
Ⓐ 1869-1875 Ⓑ 1870-1885
Ⓒ 1885-1890 Ⓓ 1820-1825 उत्तर— Ⓐ

❖ बालकृष्ण भट्ट कब प्रयाग की कायस्थ पाठशाला इंटर कॉलेज में अध्यापक नियुक्त हुए—
Ⓐ 1891 Ⓑ 1885
Ⓒ 1888 Ⓓ इनमें से कोई नहीं उत्तर— Ⓒ

❖ बालकृष्ण भट्ट को हिंदी का 'एडिसन और स्टील' किसने कहा है।
Ⓐ आचार्य रामचंद्र शुक्ल Ⓑ हजारी प्रसाद द्विवेदी
Ⓒ प्रेमचंद Ⓓ नामवर सिंह उत्तर— Ⓐ

❖ बालकृष्ण भट्टजी को किसने अँग्रेजी साहित्य के एडीसन और स्टील की श्रेणी में रखा है ?
Ⓐ हजारी प्रसाद द्विवेदी Ⓑ डॉ० नागेंद्र
Ⓒ अचार्य रामचंद्र शुक्ल Ⓓ रामविलास शर्मा उत्तर— Ⓒ

❖ बालकृष्ण भट्ट ने किस मासिक पत्रिका का संपादन किया था ?
Ⓐ हिंदी प्रकाश नामक Ⓑ हिंदी प्रदीप नामक
Ⓒ हिंदी ग्रंथावली नमक Ⓓ कर्मवीर नामक उत्तर— Ⓑ

❖ किसकी प्रेरणा से बालकृष्ण भट्ट 'हिंदी वद्धिनी सभा' प्रयाग की ओर से 1877 में 'हिंदी प्रदीप नामक मासिक पत्र' निकालना प्रारंभ किया।
Ⓐ भारतेंदु हरिश्चंद्र की Ⓑ रामधारी सिंह दिनकर की
Ⓒ चंद्रधर शर्मा गुलेरी की Ⓓ इनमें से किसी की नहीं उत्तर— Ⓐ

❖ बालकृष्ण भट्ट ने किस पत्रिका का संपादन किया था ?
Ⓐ हुँकार Ⓑ प्रदीप नामक
Ⓒ आर्यावर्त Ⓓ पंजाब केसरी उत्तर— Ⓑ

❖ बालकृष्ण भट्ट ने 'हिंदी प्रदीप' नामक मासिक पत्रिका निकालना कब प्रारंभ किया ?
Ⓐ 1877 Ⓑ 1888 Ⓒ 1890 Ⓓ 1894 उत्तर— Ⓐ

❖ ......... ई० में वेदों की युक्तिपूर्ण समीक्षा किये—
Ⓐ 1885 Ⓑ 1881 Ⓒ 1889 Ⓓ 1888 उत्तर— Ⓑ

❖ 'संयोगिता स्वयंवर' किनकी रचना है—
Ⓐ बालकृष्ण भट्ट की Ⓑ प्रताप नारायण मिश्र की
Ⓒ श्रीनिवास दास की Ⓓ मैथिलीशरण गुप्त की उत्तर— Ⓒ

❖ 'नूतन ब्रह्मचरी' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
Ⓐ प्रेमचंद Ⓑ फणीश्वरनाथ रेणु
Ⓒ बालकृष्ण भट्ट Ⓓ जैनेंद्र उत्तर— Ⓒ

❖ 'सौ अजान एक सुजान' नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं ?
Ⓐ प्रेमचंद Ⓑ बालकृष्ण भट्ट
Ⓒ चंद्रधर शर्मा गुलेरी Ⓓ इनमें से कोई नहीं उत्तर— Ⓑ

❖ कौन-सा उपन्यास बालकृष्ण भट्ट द्वारा रचित है ?
Ⓐ मैला अंचल Ⓑ गोदान
Ⓒ सौ अजान एक सुजान Ⓓ अंतराल उत्तर— Ⓒ

❖ 'दमयंती स्वयंवर' किस लेखक की रचना है ?
Ⓐ चंद्रधर शर्मा गुलेरी Ⓑ मलयज
Ⓒ बालकृष्ण भट्ट Ⓓ भगत सिंह उत्तर— Ⓒ

❖ इनमें कौन-सी कृति बालकृष्ण भट्ट द्वारा लिखी हुई है ?
Ⓐ रेणुका Ⓑ रेल का विकट खेल
Ⓒ वैशाली का नगरवधू Ⓓ आर्यावर्त उत्तर— Ⓑ

❖ बाल विवाह नामक नाटक के लेखक कौन हैं ?
Ⓐ बालकृष्ण भट्ट Ⓑ चंद्रधर शर्मा गुलेरी
Ⓒ मोहन राकेश Ⓓ उदय प्रकाश उत्तर— Ⓐ

❖ इनमें कौन-सी कृति बालकृष्ण भट्ट की लिखी हुई नहीं है ?
Ⓐ सौ अजान एक सुजान Ⓑ नूतन ब्रह्मचारी
Ⓒ शिशुपाल वध Ⓓ प्रभावती उत्तर— Ⓓ

❖ इनमें कौन-सी कृति बालकृष्ण भट्ट की लिखी हुई नहीं है ?
Ⓐ नूतन ब्रह्मचारी Ⓑ सौ अजान एक सुजान
Ⓒ सद्भाव का अभाव Ⓓ परीक्षा गुरु उत्तर— Ⓓ

❖ कौन-सा उपन्यास बालकृष्ण भट्ट ने नहीं लिखा था ?
Ⓐ रहस्य कथा, नूतन ब्रह्मचारी, सौ अजान एक सुजान
Ⓑ अजातशत्रु Ⓒ गुप्त वैरी, रसातल यात्रा, उचित दक्षिणा
Ⓓ हमारी घड़ी, सद्भाव का अभाव उत्तर— Ⓑ

❖ कौन-सी रचना बालकृष्ण भट्ट द्वारा रचित नहीं है ?
Ⓐ पद्मावती Ⓑ वेणी संहार
Ⓒ मेघदूतम् Ⓓ मेघनाथ वध उत्तर— Ⓒ

❖ कौन-सी रचना बालकृष्ण भट्ट की नहीं है ?
Ⓐ रेल का विकट खेल Ⓑ विपथगा
Ⓒ रसातल यात्रा Ⓓ गुप्त वैरी उत्तर— Ⓑ

❖ बालकृष्ण भट्ट के प्रहसन का नाम बताएँ—
Ⓐ 'जैसा काम, वैसा परिणाम' Ⓑ 'नई रोशनी का विष'
Ⓒ आचार विडंबन Ⓓ उपरोक्त सभी उत्तर— Ⓓ

❖ बालकृष्ण भट्ट के प्रहसन का नाम बताएँ—
Ⓐ आचार विडंबन Ⓑ जैसा काम वैसा परिणाम
Ⓒ नई रोशनी का विष Ⓓ इनमें सभी उत्तर— Ⓓ

❖ 'जैसा काम वैसा परिणाम' किस लेखक द्वारा रचित प्रहसन हैं ?

Ⓐ रामधारी सिंह दिनकर Ⓑ जयप्रकाश नारायण
Ⓒ बालकृष्ण भट्ट Ⓓ मोहन राकेश **उत्तर— Ⓒ**

❖ बालकृष्ण भट्ट ने मोटा-मोटी कुल कितने निबंध लिखे थे ?
Ⓐ 1000 Ⓑ 1001 Ⓒ 1002 Ⓓ 1003 **उत्तर— Ⓐ**

❖ बालकृष्ण भट्ट कितने निबंध लिखे थे ?
Ⓐ तीन Ⓑ चार Ⓒ पाँच Ⓓ एक हजार **उत्तर— Ⓓ**

❖ बालकृष्ण भट्ट के सबसे महत्वपूर्ण निबंध कितने हैं ?
Ⓐ 100 से ऊपर Ⓑ 1000 से ऊपर
Ⓒ 50 से ऊपर Ⓓ इनमें से कोई नहीं **उत्तर— Ⓐ**

❖ 'भट्ट निबंधमाला' के लेखक कौन है ?
Ⓐ बालकृष्ण भट्ट Ⓑ जगदीश चंद्रमाथुर Ⓒ मोहन राकेश
Ⓓ सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' **उत्तर— Ⓐ**

❖ बालकृष्ण भट्ट किस काल के रचनाकार एवं निबंधकार हैं ?
Ⓐ आदिकाल Ⓑ भक्तिकाल
Ⓒ रीतिकाल Ⓓ आधुनिक काल **उत्तर— Ⓓ**

❖ बालकृष्ण भट्ट की काव्य के रचनाकाल हैं—
Ⓐ आदिकाल Ⓑ भक्तिकाल
Ⓒ रीतिकाल Ⓓ आधुनिक काल **उत्तर— Ⓓ**

❖ बालकृष्ण भट्ट किस युग के साहित्यकार हैं ?
Ⓐ द्विवेदी युग के Ⓑ भारतेंदु युग के
Ⓒ प्रेमचंद युग के Ⓓ छायावादी युग के **उत्तर— Ⓑ**

❖ बालकृष्ण भट्ट किस युग के निबंधकार है ?
Ⓐ प्रसाद युग के Ⓑ भारतेंदु युग के
Ⓒ द्विवेदी युग के Ⓓ स्वातंत्र्योत्तर युग के **उत्तर— Ⓑ**

❖ बालकृष्ण भट्ट कौन-से युग के प्रमुख साहित्यकारों में से हैं ?
Ⓐ भारतेंदु युग के Ⓑ आधुनिक युग के
Ⓒ प्राचीन युग के Ⓓ वर्तमान युग के **उत्तर— Ⓐ**

❖ बालकृष्ण भट्ट क्या थे ?
Ⓐ पत्रकार Ⓑ निबंधकार
Ⓒ आलोचनाकार Ⓓ इनमें सभी **उत्तर— Ⓓ**

❖ बालकृष्ण भट्ट क्या नहीं थे ?
Ⓐ पत्रकार Ⓑ निबंधकार
Ⓒ महाकाव्यकार Ⓓ आलोचनाकार **उत्तर— Ⓒ**

❖ बालकृष्ण भट्ट के समय के कौन-कौन से साथी साहित्यकार थे ?
Ⓐ भारतेंदु हरिश्चंद्र, राधाचरण गोस्वामी Ⓑ प्रताप नारायण मिश्र
Ⓒ प्रेमघन Ⓓ उपरोक्त सभी **उत्तर— Ⓓ**

❖ आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने निबंधकार के रूप में बालकृष्ण भट्ट की तुलना किससे की है ?
Ⓐ एडीसन और स्टील से Ⓑ प्रेमचंद से
Ⓒ शिवपूजन सहाय से Ⓓ रामवृक्ष बेनीपुरी से **उत्तर— Ⓐ**

❖ बालकृष्ण भट्ट बातचीत के माध्यम से क्या बताना चाहते हैं ?
Ⓐ बातचीत की महत्ता Ⓑ बातचीत की उपयोगिता
Ⓒ बातचीत की शैली Ⓓ बातचीत के लक्षण **उत्तर— Ⓒ**

❖ मनुष्य की बातचीत का उत्तम तरीका क्या है ?
Ⓐ विद्वतापूर्ण बात करना Ⓑ तर्कपूर्ण बात करना
Ⓒ भीड़ से बात करना
Ⓓ आवाक् होकर अपने से बातचीत करना **उत्तर— Ⓓ**

❖ किसने लिखा है ? 'गध लिखना भाषा को सार्वजनिक करते जाना है।'
Ⓐ अशोक वाजपेयी Ⓑ नामवर सिंह
Ⓒ रघुवीर सहाय Ⓓ शमशेर बहादुर सिंह **उत्तर— Ⓒ**

❖ 'संवाद' में सबसे महत्वपूर्ण क्या है ?
Ⓐ तर्क Ⓑ जिज्ञासा
Ⓒ आत्मीयता Ⓓ प्रवाहपूर्ण भाषा **उत्तर— Ⓒ**

❖ अनेक प्रकार की शक्तियाँ जो वरदान की भाँति ईश्वर ने मनुष्य को दी है उनमें से ............ भी एक है—
Ⓐ स्पर्श शक्ति Ⓑ श्रवण शक्ति
Ⓒ वाक्शक्ति Ⓓ प्राणशक्त **उत्तर— Ⓒ**

❖ खाली जगह को भरें— 'अनेक प्रकार की शक्तियाँ जो वरदान की भाँति ईश्वर ने मनुष्य को दी है, उनमें ....... भी एक है।'
Ⓐ स्पर्श शक्ति Ⓑ श्रवण शक्ति
Ⓒ वाक शक्ति Ⓓ ध्राण शक्ति **उत्तर— Ⓒ**

❖ किसके न होने से सृष्टि गूँगी प्रतीत होती हैं ?
Ⓐ श्रवणशक्ति Ⓑ वाक्शक्ति
Ⓒ दिव्यशक्ति Ⓓ स्मरणशक्ति **उत्तर— Ⓑ**

❖ वाक्शक्ति के अनेक फायदों में कौन दो हैं ?
Ⓐ बकबक एवं भाषण Ⓑ ध्राण एवं दृष्टि
Ⓒ श्रवण एवं स्पर्श Ⓓ 'स्पीच' वक्तृता और बातचीत **उत्तर— Ⓓ**

❖ वाक्शक्ति नहीं रहता तो मनुष्य क्या नहीं कर पाता ?
Ⓐ चल नहीं सकता Ⓑ खा नहीं सकता
Ⓒ देख नहीं सकता Ⓓ पढ़ नहीं सकता **उत्तर— Ⓓ**

❖ बातचीत से मन किस प्रकार का हो जाता हैं ?
Ⓐ क्रोधपूर्ण Ⓑ भारी और बोझिल
Ⓒ हल्का और स्वच्छ Ⓓ इनमें से कोई नहीं **उत्तर— Ⓒ**

❖ रॉबिंसन क्रूसो को कब तक मनुष्य का मुख देखने को नहीं मिला ?
Ⓐ 10 वर्ष तक Ⓑ 12 वर्ष तक
Ⓒ 16 वर्ष तक Ⓓ 18 वर्ष तक **उत्तर— Ⓒ**

❖ रॉबिंसन क्रूसो ने 16 वर्ष के उपरांत किसके मुख से एक बात सूनी ?
Ⓐ फ्राइडे के Ⓑ संडे के Ⓒ एडीसन के Ⓓ स्टील के **उत्तर— Ⓐ**

❖ मनुष्य का गुण-दोष कब प्रकट होता है ?
Ⓐ जब हँसता है Ⓑ जब बोलता है
Ⓒ जब मौन रहता है Ⓓ इनमें से सभी **उत्तर— Ⓑ**

❖ बेन जानसन ने क्या कहा था ?
Ⓐ बोलने से ही मनुष्य के रूप का साक्षात्कार होता है।
Ⓑ सुनने से ही मनुष्य को जाना जा सकता है।
Ⓒ चिल्लाने से ही दबंगों की आवाज को दबाया जा सकता है।
Ⓓ विनम्रता से ही अपनी बात हमें कहानी चाहिए। **उत्तर— Ⓐ**

❖ 'बोलने से ही मनुष्य के रूप का साक्षात्कार होता है।' यह किसने कहा ?
Ⓐ एडीसन Ⓑ बेन जानसन Ⓒ स्पेंसर Ⓓ मिल्टन **उत्तर— Ⓑ**

❖ एडीसन का मत क्या है
Ⓐ सच्ची बातचीत तीन व्यक्तियों में भी हो सकती है।
Ⓑ असल बातचीत सिर्फ दो व्यक्तियों में हो सकती है।
Ⓒ झूठी बातचीत चार व्यक्तियों में होती है।
Ⓓ सच्ची बातचीत पाँच व्यक्तियों में भी हो सकती है। **उत्तर— Ⓑ**

❖ 'असल बातचीत सिर्फ दो व्यक्तियों में ही हो सकती है।' यह किसका मत है ?
Ⓐ एडीसन Ⓑ बेन जानसन Ⓒ स्पेंसर Ⓓ मिल्टन **उत्तर— Ⓐ**

❖ एडीसन के अनुसार असल बात कितने लोगों के बीच हो सकती हैं ?
Ⓐ दो Ⓑ तीन Ⓒ चार Ⓓ सात **उत्तर— Ⓐ**

❖ 'राम-रमौवल' का क्या अर्थ है ?
Ⓐ दो लोगों के बीच बातचीत Ⓑ तीन लोगों के बीच बातचीत
Ⓒ चार लोगों के बीच बातचीत
Ⓓ चार से अधिक लोगों के बीच बातचीत **उत्तर— Ⓒ**

❖ 'चंडूखाने' शब्द का क्या अर्थ है ?
Ⓐ बाल मुंडवाने की जगह Ⓑ सैलून
Ⓒ अफीम खानेवाले लोगों की मंडली के लिए सुरक्षित स्थान
Ⓓ चांडालों के रहने का स्थान **उत्तर— Ⓒ**

❖ आर्ट ऑफ़ कन्वर्सेशन कहाँ के लोगों में सर्वाधिक प्रचलित है ?
Ⓐ भारत के Ⓑ यूरोप के
Ⓒ अफ्रीका के Ⓓ कनाडा के **उत्तर— Ⓑ**

❖ 'चमनिस्तान' शब्द का क्या अर्थ है ?
Ⓐ हरे-भरे बागों का इलाका Ⓑ एक देश का नाम
Ⓒ चिमनी Ⓓ राज्य **उत्तर— Ⓐ**

❖ अशिक्षित लोग बातचीत को क्या कहते हैं ?

Ⓐ ठिठोली Ⓑ गप्प
Ⓒ हँसी मजाक **Ⓓ** बतकही **उत्तर— Ⓓ**

- बातचीत का उत्तम तरीका क्या है ?

**Ⓐ** आत्मवार्तालाप Ⓑ प्रपंचात्मक वार्तालाप
Ⓒ व्यंग्यात्मक वार्तालाप Ⓓ इनमें से कोई नहीं **उत्तर— Ⓐ**

- बातचीत के माध्यम से बालकृष्ण भट्ट क्या बतलाना चाहते हैं ?

Ⓐ भाषण की शैली **Ⓑ** बातचीत की शैली
Ⓒ संवाद की शैली Ⓓ इनमें से कोई नहीं **उत्तर— Ⓑ**

- नाटक के प्रारंभ में होनेवाले मंगल पाठ को क्या कहा जाता है ?

Ⓐ भजन **Ⓑ** नांदी पाठ Ⓒ मंगलाचरण Ⓓ आरती **उत्तर— Ⓑ**

- शक्ति शब्द कौन-सी लिंग है ?

**Ⓐ** स्त्रीलिंग Ⓑ पुलिंग
Ⓒ उभयलिंग Ⓓ इनमें से कोई नहीं **उत्तर— Ⓐ**

- 'शेक्सपियर' शब्द संज्ञा के किस वेद के अंतर्गत आता है ?

Ⓐ जातिवाचक संज्ञा Ⓑ भाववाचक संज्ञा **Ⓒ**
व्यक्तिवाचक संज्ञा Ⓓ द्रव्यवाचक संज्ञा **उत्तर— Ⓒ**